an>

Title: Need to review the Indira Sagar Project near Polavaram in Andhra Pradesh.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत संवेदनशील मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ। इंदिरासागर डैम जो पोलावरम, आंध्रप्रदेश में बन रहा है, विगत सरकार ने भी उसको नैशनल प्रोजेक्ट की मान्यता दी थी और एनडीए सरकार ने भी उसको नैशनल प्रोजेक्ट की मान्यता दी है। हम बार-बार विनती कर रहे हैं कि यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें 1,80,000 आदिवासी डिस्प्लेस होंगे। अभी तक ओडीशा में इस बारे में ग्राम सभा भी नहीं हुई है, उसके बावजूद भी एन्वायरमेंट क्लियरेंस दे दिया गया, ट्राइबल क्लियरेंस दे दिया गया। बीच में जो स्टॉप वर्क ऑर्डर था, उस समय भी आंध्र प्रदेश सरकार काम करती रही, उसका पैसा भी इन्होंने रिएंबर्स कर दिया। छत्तीसगढ़ सरकार भी उसके विरोध में है। तेलंगाना सरकार भी विरोध में है, ओडीशा सरकार भी विरोध में है। सुप्रीम कोर्ट में अब यह केस चल रहा है। हमारे मुख्य मंत्री जी बार-बार प्रधान मंत्री जी को निवेदन कर रहे हैं कि उसका रिव्यू करें, ताकि ओडीशा और छत्तीसगढ़ में कोई एरिया न डूबे।

आपके माध्यम से यह मेरा निवेदन है कि केंद्र सरकार इसको गंभीरता से ले कर सरकार आदिवासी विरोधी काम न करे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी एवं

श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री बलभद्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।